ई-न्यूज
24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, शुक्रवार 04 अप्रैल 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 2 अंक 17

वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ 8 राज्यों में प्रदर्शन

कोलकाता-अहमदाबाद में पोस्टर जलाए; यूपी में बिल का समर्थन करने पर नमाजी को पीटा



वक्फ संशोधन बिल के संसद से पास होने के खिलाफ देश में विरोध प्रदर्शन हो रहा है। शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद पश्चिम बंगाल, गुजरात, बिहार, झारखंड, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, असम में मुस्लिमों ने सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया। इसमें महिला-बच्चे भी शामिल हैं। उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में पुलिस हाई अलर्ट पर है। फ्लैग मार्च जारी है। लखनऊ में दरगाहों और मस्जिदों की ड्रोन से निगरानी की जा रही है। यूपी अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष अशफाक सैफी को वक्फ संशोधन बिल का समर्थन करने पर जान से मारने की धमकी मिली। उनके बहनोई को पीटा गया। गुजरात के अहमदाबाद में सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग सड़कों पर जुटे। उनके पोस्टर-बैनर पर वक्फ बिल वापस लो, रिजेक्ट यूसीसी लिखा था। लोगों ने बांह पर काली पट्टे बांधी हुई थी। भीड़ ने 'तानाशाही नहीं चलेगी' के नारे लगाए। पुलिस ने 50 लोगों को हिरासत में लिया। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में पार्क सर्कस क्रासिंग में हजारों लोग सड़कों पर जमा हुए। यहां भी वक्फ बिल रिजेक्ट के बैनर-पोस्टर लिए लोग विरोध कर रहे हैं। कोलकाता में कई जगहों पर विरोध हो रहा है। लोगों ने वक्फ बिल के विरोध की तख्तियां जलाईं।

रांची में भी हंगामा हो रहा है। लोगों ने कहा कि वक्फ बिल देश के लिए सही नहीं है, मुस्लिमों के लिए सही नहीं है। बिहार में भी बिल के विरोध में लोग सड़कों पर हैं। तमिलनाडु में एक्टर विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम के कार्यकर्ताओं ने बिल का विरोध किया।

वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे ओवैसी:कांग्रेस सांसद ने भी याचिका लगाई; मोदी बोले- यह बिल ट्रांसपेरेंसी बढ़ाएगा



वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में दो याचिका लगाई गई। बिहार के किशनगंज से कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद और AIMIM सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने यह याचिका लगाई है।

बिल पर 2 और 3 अप्रैल को लोकसभा-राज्यसभा में 12-12 घंटे की चर्चा के बाद पास हुआ था। इसे अब राष्ट्रपति को भेजा जाएगा। उनकी सहमति के बाद यह कानून बन जाएगा।

राज्यसभा से गुरुवार को बिल पास होने के बाद कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा था कि कांग्रेस हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। तमिलनाडु की DMK ने भी याचिका लगाने की बात कही थी।

प्रधानमंत्री मोदी ने वक्फ संशोधन बिल के पास होने को एक बड़ा सुधार बताया। उन्होंने शुक्रवार सुबह X पर लिखा कि यह कानून ट्रांसपेरेंसी बढ़ाएगा और गरीब-पसमांदा मुस्लिमों के अधिकारों की रक्षा करेगा।

उन्होंने कहा- वक्फ संपत्तियों में सालों से गड़बड़ी हो रही थी, जिससे खासतौर पर मुस्लिम महिलाओं और गरीबों को नुकसान हुआ। यह नया कानून इस समस्या को दूर करेगा।

लोकसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

शुक्रवार को लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। इसके साथ ही 31 जनवरी से शुरू हुए बजट सत्र का पहला और दूसरा सेशन समाप्त हो गया। स्पीकर ओम बिरला ने बताया कि इस सत्र में वक्फ बिल समेत 16 विधेयक पास किए गए। सदन की प्रोडक्टिविटी 118% रही।

वहीं, बिरला ने वक्फ बिल को लेकर सोनिया गांधी को नसीहत दी। इस पर विपक्षी सांसदों ने बिरला के खिलाफ नारेबाजी की। सोनिया ने बिल के पास होते वक्त संसदीय प्रक्रिया पर सवाल उठाए थे।

सोशल मीडिया पर बच्चों के बैन की याचिका खारिज:सुप्रीम कोर्ट ने कहा- मामला हमारे दायरे से बाहर, संसद से कानून बनाने को कहें



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को 13 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर कानूनी प्रतिबंध लगाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा- यह नीतिगत मामला है। आप संसद से कानून बनाने के लिए कहें। यह हमारे दायरे से बाहर है।

हालांकि कोर्ट ने अन्य अथॉरिटी के सामने अपील करने की छूट दी है। पीठ ने कहा कि आठ सप्ताह के भीतर कानून के अनुसार अपील की जा सकती है। जेप फाउंडेशन की याचिका में केंद्र सरकार और अन्य अथॉरिटी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तक बच्चों की पहुंच को रेगुलेट करने के लिए बायोमेट्रिक वैरिफिकेशन जैसा एज वैरिफिकेशन सिस्टम शुरू करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। इसके अलावा बाल संरक्षण नियमों का पालन करने में असफल रहने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सख्त कानूनी कार्रवाई की भी मांग की गई थी।

वक्फ बिल का विरोध, 7 मुस्लिम नेताओं ने JDU छोड़ी:कहा- मुख्यमंत्री ने भरोसा तोड़ा, डिप्टी सीएम बोले- कानून नहीं मानने वाले देशद्रोही, पाकिस्तान जाएं



24 न्यूज अपडेट

JDU ने वक्फ संशोधन बिल पर मोदी सरकार का समर्थन किया है। इसके बाद से CM नीतीश कुमार की पार्टी में घमासान मचा हुआ है। बगावत शुरू हो गई है। एक के बाद मुस्लिम नेताओं का इस्तीफा जारी है। अब तक बिल को समर्थन देने से नाराज 7 मुस्लिम नेताओं ने पार्टी छोड़ दी है।

इनमें पूर्व प्रदेश सचिव एम. राजू नैयर, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोहम्मद शाहनवाज मलिक, बेतिया जिला के उपाध्यक्ष नदीम अख्तर, प्रदेश महासचिव सिएन मो. तबरेज सिद्दीकी अली, भोजपुर से पार्टी सदस्य मो. दिलशान राईन और खुद को मोतिहारी के ढाका विधानसभा सीट से पूर्व प्रत्याशी बताने वाले मोहम्मद कासिम अंसारी शामिल हैं।

नवादा जिले के जेडीयू जिला सचिव मोहम्मद फिरोज खान ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। फिरोज खान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दोहरी नीति का हवाला देते हुए यह कदम उठाया है।

मुस्लिम नेताओं ने वक्फ बिल के समर्थन पर नाराजगी जताते हुए कहा है कि पार्टी ने लाखों मुसलमानों का भरोसा तोड़ा है। हालांकि, पार्टी ने दावों को खारिज किया है।

वहीं, डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने वक्फ संशोधन बिल को नहीं मानने वालों को देशद्रोही बताया है।

विजय सिन्हा ने कहा- 'यह पाकिस्तान नहीं, हिंदुस्तान है। जहां संविधान का शासन चलता है। नरेंद्र मोदी की सरकार में कानून का पालन कंपलसरी है, जो लोग संसद में पास हुए कानून को नहीं मानेंगे, वे देशद्रोही हैं। ऐसे लोगों की तुरंत गिरफ्तारी होनी चाहिए।

अपने दफ्तर में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने वक्फ बिल का विरोध करने वालों को भ्रष्टाचारी बताते हुए कहा, 'जो लोग इसका विरोध कर रहे हैं, उन्हें चिह्नित कर कार्रवाई की जानी चाहिए। बेटा बाप से बगावत कर रहा है। खुद लालू यादव ने ऐसे कड़े कानून की मांग की थी।'

भाजपा बोली- ममता बनर्जी को जेल भेजेंगे:उन्हें सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं, इस्तीफा दें; पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला केस



24 न्यूज अपडेट

भाजपा ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले मामले में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे और उन्हें जेल भेजने की मांग की।

भाजपा ने सिलीगुड़ी में विरोध रैली निकाली। इस दौरान विधायक शंकर घोष ने कहा, 'हम ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग करते हैं। पूरे मंत्रिमंडल पर दर्ज किया जाना चाहिए। अधिकतर मंत्रियों पर पहले ही मामला दर्ज किया जा चुका है। वे जेल जा रहे हैं, तो फिर ममता पर क्यों नहीं।'

वहीं, केंद्रीय मंत्री और पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने दावा किया कि ममता बनर्जी शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में जेल जाने वाली दूसरी मुख्यमंत्री होंगी। हरियाणा के चार बार मुख्यमंत्री रहे दिवंगत ओम प्रकाश चौटाला ऐसे ही एक मामले में 2013 में जेल गए थे। दरअसल, 3 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने स्कूल भर्ती घोटाले से जुड़े कोलकाता हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल स्कूल सर्विस कमीशन (WBSSC) की 2016 में 25 हजार शिक्षकों और गैर-शिक्षकों की नियुक्ति को अवैध बताते हुए भर्ती रद्द कर दी थी।

सुकांत बोले- भ्रष्टाचार में शामिल पूरे मंत्रिमंडल को जेल जाना चाहिए

मजूमदार ने कहा- 26 हजार भर्ती में से करीब 20 हजार का चयन सही तरीके से हुआ। घोटाले का फायदा TMC नेताओं को। भ्रष्टाचार में शामिल पूरे मंत्रिमंडल को जेल भेजा जाए।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने सरकार को भ्रष्ट तरीके से भर्ती हुए उम्मीदवारों की पहचान करने का सुझाव दिया था, लेकिन सरकार ने ऐसा नहीं किया। इस वजह से सभी उम्मीदवारों की नियुक्ति समाप्त कर दी गई। सरकार को वास्तविक उम्मीदवारों का भविष्य बचाने के लिए कानूनी संभावना तलाशनी चाहिए।

ममता बोलीं- व्यक्तिगत तौर पर फैसला स्वीकार नहीं

सुप्रीम कोर्ट के फैसले ममता ने कहा- वह व्यक्तिगत रूप से सुप्रीम कोर्ट के फैसले को स्वीकार नहीं करती हैं, लेकिन उनकी सरकार इसे लागू करेगी और चयन प्रक्रिया को फिर से दोहराएगी। उन्होंने सवाल किया कि क्या विपक्षी BJP और CPM चाहते हैं कि बंगाल की शिक्षा व्यवस्था ध्वस्त हो जाए।

TikTok बेचने पर चीन को इंपोर्ट टैरिफ में मिलेगी छूट, अमेरिकी राष्ट्रपति ने खेला 'ट्रंप कार्ड'



24 न्यूज अपडेट

दुनिया के दो बड़े देश अमेरिका और चीन के बीच आजकल टिकटॉक और टैरिफ चार्ज को लेकर काफी बहस हो रही है. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनियाभर के कई देशों पर अपना रेसिप्रोकल टैरिफ लागू कर दिया है. अमेरिका ने दुनिया के दो बड़े देश भारत और चीन के ऊपर क्रमशः 34% (पुराने टैरिफ को मिलाकर 54%) और 26% टैरिफ लगाया है. चीन पर लगाए गए 34% टैरिफ के बाद अमेरिका में चीनी प्रोडक्ट्स काफी महंगे हो जाएंगे और लोग उन्हें खरीदना बंद या कम कर सकते हैं, जिससे चीन को काफी आर्थिक नुकसान हो सकता है.

ऐसे में अमेरिका ने चीन को एक खास ऑफर दिया है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन से कहा है कि अगर चीन टिकटॉक के अमेरिकी बिजनेस को बेचने की अनुमति देगा तो अमेरिका द्वारा चीन पर लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ में कटौती हो सकती है. ऐसे में अब देखना होगा कि चीन के सबसे लोकप्रिय शॉर्ट वीडियो प्लेटफॉर्म टिकटॉक के भविष्य के ऊपर अमेरिका में क्या फैसला लिया जाता है. आइए हम आपको इस ख़बर की डिटेल बताते हैं.

ट्रंप का मास्टर स्ट्रोक- एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बात करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने टिकटॉक की इस डील का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे वो इंपोर्ट टैरिफ का इस्तेमाल अन्य देशों के साथ अन्य मुद्दों पर बातचीत करने के लिए कर सकते हैं. ट्रंप ने कहा कि टिकटॉक के साथ ऐसी परिस्थिति बन गई है, जिसमें चीन शायद ऐसा कह सकता है कि वो टिकटॉक के अमेरिकी बिजनेस को बेचने की मंजूरी दे सकता है, लेकिन उसके बदले में क्या टैरिफ चार्ज को कम किया जाएगा. ट्रंप ने चीन से टैरिफ के बदले टिकटॉक डील का उदाहरण देते हुए कहा कि, इसी तरह से हम अन्य देशों के साथ टैरिफ के बदले में कुछ पाने की डील कर सकते हैं.\

टिकटॉक को 5 अप्रैल तक किसी भी एक डील को फाइनल करने की अंतिम तारीख दी गई है. 5 अप्रैल 2025 तक टिकटॉक को एक गैर-चीनी खरीददार ढूंढना होगा, नहीं तो अमेरिका में टिकटॉक को बैन किया जा सकता है. ऐसे में ट्रंप सरकार का कहना है कि वो टिकटॉक के साथ फाइनल डील करने वाली है. उनमें बहुत सारे निवेशकों का नाम शामिल है. यह बयान ट्रंप ने उस दिन दिया जब उन्होंने अमेरिका के सभी इंपोर्ट्स यानी आयातों पर 10% बेसलाइन टैरिफ और कुछ बड़े बिजनेस पार्टनरशिप पर हाई चार्ज लगाने का ऐलान कर दिया है.

एक किलो चांदी 2900 गिरकर 93057 पर आई:ऑलटाइम हाई से 7877 गिरे दाम; 10 ग्राम सोना 35 गिरकर 90,310 पर आया




24 न्यूज अपडेट

चांदी में आज यानी, 4 अप्रैल को 2900 की गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 1 किलो चांदी 93057 के भाव से बिक रही है। 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था। इस लेवल से चांदी 7877 गिर चुकी है।

वहीं 10 ग्राम सोना 35 की गिरावट के साथ 90,310 पर आ गया है। सोने ने 3 अप्रैल को 91,205 का ऑल टाइम हाई बनाया था। यानी, इस लेवल से सोना 895 गिर चुका है। एक्सपर्ट इस साल सोने के दाम 94 हजार प्रति दस ग्राम तक जाने का अनुमान लगा रहे हैं।

सेंसेक्स 930 अंक गिरकर 75,364 के स्तर पर बंद:निफ्टी में 345 अंक की गिरावट रही; ट्रम्प के बयान से फार्मा शेयर 7% तक टूटे



24 न्यूज अपडेट

सेंसेक्स आज यानी 4 अप्रैल को 930 अंक (1.22%) की गिरावट के साथ 75,364 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में 345 अंक (1.49%) की गिरावट रही, ये 22,904 के स्तर पर बंद हुआ। NSE सेक्टोरल इंडाइसेज में निफ्टी मेटल इंडेक्स करीब 6.56% टूटा। फार्मा, रियल्टी और आईटी इंडेक्स में करीब 4% की गिरावट रही। ऑटो, मीडिया इंडेक्स में करीब 3% की गिरावट रही।

संपादकीय : पारदर्शिता के के लिए

भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के उपायों में पारदर्शिता को एक सबसे अहम कड़ी माना जाता रहा है। यही वजह है कि सांस्थानिक स्तर पर उच्च पदों पर नियुक्त लोगों की संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने को लेकर अक्सर आवाज उठती रही है। इस क्रम में न्यायाधीशों से भी उनकी संपत्ति का खुलासा करने की अपेक्षा की जाती है। मगर इस मसले पर उठे सवालों के बावजूद कोई ऐसी व्यवस्था नहीं बन पाई जिसमें न्यायाधीशों के लिए अपनी जायदाद की जानकारी को सार्वजनिक करना अनिवार्य हो । यों अलग-अलग अदालतों के कुछ जज अपनी संपत्ति की घोषणा करते रहे हैं, लेकिन ऐसी पहलकदमी का महत्त्व सीमित ही रहा। अब इस मसले पर देश के सर्वोच्च न्यायालय की ओर से एक अहम पहल की गई है। इसके तहत यह फैसला लिया गया है कि शीर्ष अदालत के प्रधान न्यायाधीश और अन्य सभी जज अपनी संपत्ति की जानकारी सार्वजनिक करेंगे। हालांकि यह स्वैच्छिक आधार पर किया जाएगा। यानी न्यायाधीशों ने किसी कानूनी बाध्यता की वजह से नहीं, बल्कि स्वेच्छा से अपनी संपत्ति का विवरण सार्वजनिक करने का फैसला किया है। निश्चित रूप से सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की इस पहल ने न्यायपालिका में पारदर्शिता को लेकर देश भर में वैसे तमाम लोगों का ध्यान खींचा है, जो भ्रष्टाचार को व्यवस्था की एक सबसे बड़ी समस्या मानते हैं और उसके हल के उपायों में पारदर्शिता की अहमियत को प्राथमिक बताते हैं । अन्य सभी क्षेत्रों में भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए अगर कोई नीति बनाई जाती है, नियम लागू किए जाते हैं, तो उसे लागू होने में व्यवस्थागत स्तर पर हुई लापरवाही या उदासीनता के खिलाफ कई बार अदालतों का रुख भी करना पड़ सकता है। जाहिर है, भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए अगर किसी अदालत में एक नियम को जरूरी बताया जाता है, तो उस कसौटी पर न्यायाधीश को रखने की भी उम्मीद की जाएगी। इस लिहाज से देखें तो सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति के ब्योरे को सार्वजनिक पटल पर रखने का फैसला किया है, तो इसका दूरगामी महत्त्व है। यह फैसला खासतौर पर इसलिए भी अहम माना जा रहा है कि हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय के एक जज के घर में करोड़ों की नकदी मिलने की खबर आई थी और उसके बाद जजों की आय और संपत्ति को लेकर कई तरह के सवाल उठे हैं। दरअसल, सूचना का अधिकार कानून लागू होने और कुछ न्यायाधीशों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगने के बाद इस मुद्दे पर बहस तेज हो गई थी कि जजों की संपत्ति को लेकर भी पारदर्शिता क्यों नहीं सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसी क्रम में वर्ष 2009 में सर्वोच्च न्यायालय और सभी उच्च न्यायालय के जजों ने नियमित रूप से अपनी संपत्ति की जानकारी सार्वजनिक करने का संकल्प लिया था, लेकिन उसका कोई ठोस नतीजा सामने नहीं आया। इस संबंध में एक संसदीय समिति भी अपनी एक रपट में यह कह चुकी है कि जजों की संपत्ति की घोषणा को अनिवार्य बनाने के लिए एक कानून लाया जाना चाहिए। दरअसल, जब तक जजों की ओर से नियमित रूप से अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने की प्रक्रिया को संस्थागत रूप नहीं दिया जाएगा, तब तक इस संबंध में सिर्फ निजी स्तर पर की गई पहल या संकल्प के बूते इसमें निरंतरता बनाए रखना मुश्किल साबित होगा। जबकि अगर न्यायाधीशों की संपत्ति को लेकर एक पारदर्शी व्यवस्था बनाई जाती है, तो इससे समूची व्यवस्था में जनता का भरोसा बढ़ेगा और न्यायपालिका की विश्वसनीयता में इजाफा होगा।

टकराव की राह

अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत सहित दुनिया के कई देशों को शुल्क युद्ध में घसीट लिया है। उन्होंने जवाबी शुल्क की घोषणा कर एक तरह से टकराव की स्थिति पैदा कर दी है। अमेरिका की ओर से भारी शुल्क थोपे जाने से स्वाभाविक रूप से अब विश्व में व्यापारिक परिदृश्य बदलेगा और इससे व्यापार युद्ध की आशंका सच साबित हो सकती है। अगर भारत पर इसका प्रभाव पड़ा, तो अमेरिका भी दूसरे देशों के जवाबी शुल्क से नहीं बच सकेगा। दरअसल, राष्ट्रपति बनने के बाद डोनाल्ड ट्रंप भारत में अमेरिका के सामान पर लगने वाले अधिक शुल्क का सवाल बार-बार उठाते रहे हैं। उन्होंने इसे विवाद का मुद्दा भी बनाया। मगर अब अमेरिका ने भारत पर छब्बीस फीसद शुल्क लगा कर साफ कर दिया है कि वह इस विवाद को शायद आगे ले जाना चाहता है। स्पष्ट है कि अब दोनों देशों के परस्पर निर्यात पर दूरगामी असर पड़ेगा । वहीं भारत के साथ अमेरिका के व्यापार संबंधों पर गंभीर प्रभाव पड़ना भी तय लग रहा है। ऐसे में भारत यूरोपीय, अफ्रीकी और एशियाई देशों से व्यापार के विकल्प पर विचार कर सकता है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष भारत ने अमेरिका को 78 अरब डालर का निर्यात किया था जो कुल निर्यात का अठारह फीसद ही है। फिलहाल सबसे बड़ी चिंता लघु और मझोले उद्यमों के निर्यात पर पड़ने वाले प्रभाव की है। कृषि उत्पादों, औषधियों और मशीनरी पर असर पड़ने की आशंका जताई जा चुकी है। निवेशकों के छिटकने और नियंत में गिरावट के बावजूद भारत इस झटके को सहने का सामर्थ्य रखता है, क्योंकि वह सिर्फ अमेरिकी बाजार पर ही निर्भर नहीं भारत अब अन्य निर्यात बाजारों पर भी ध्यान केंद्रित करेगा। अगर अमेरिका को अपनी कंपनियों के हितों की चिंता है, तो भारत के लिए भी यह स्वाभाविक है। ऐसे में जरूरी है कि दोनों देश बीच का कोई रास्ता निकालें। ऐसा न होने पर दोनों ओर से निर्यात घटेगा और शुल्क में बढ़ोतरी की वजह से अमेरिकी बाजार में कई चीजें महंगी हो जाएंगीं। ट्रंप विश्व व्यापार में एक नई व्यवस्था कायम करने की ओर बढ़ रहे हैं, लेकिन उन्हें समझना चाहिए कि इससे वे अमेरिका की आर्थिक बुनियाद को कमजोर ही करेंगे। भारत से व्यापार संबंध बिगाड़ कर उन्हें कुछ हासिल नहीं होगा ।

पैट्रोल पंप वाली रोड़ पर बिल्डिंगों के बाहर लाईन डालकर हटाएंगे अतिक्रमण, सेंटर से चार फीट रोड खिसकेगा नटराज की ओर, विधायक जैन ने सिटी स्टेशन से नटराज होटल तक पैदल चलकर निर्माणाधीन एलिवेटेड रोड का किया निरीक्षण



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने शुक्रवार को सिटी स्टेशन से बंशीपान तक बन रहे एलिवेटेड रोड़ का निरीक्षण किया। इस दौरान शहर विधायक ने निगम के अधिकारियों को पैट्रोल पंप वाली लाईन में बिल्डिंगों के बाहर मार्किंग कर लाईनिंग करने और सड़क पर आए अवैद्य अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन शुक्रवार को निगम के अधिकारियां व जनप्रतिनिधियों के साथ सिटी स्टेशन से बंशीपान तक बन रही एलिवेटेड रोड का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। इस दौरान शहर विधायक ने एलिवेटेड रोड़ के लिए बनाए जा रहे पिलरों का निरीक्षण किया और निगम के अधिकारियां पिलर की चौडाई और गहराई के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही शहर विधायक ताराचंद जैन ने सिटी स्टेशन से नटराज होटल तक पैदल चलकर निर्माणाधीन एलिवेटेड रोड का निरीक्षण किया। इस दौरान शहर विधायक जैन ने निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पैट्रोल पंप वाली लाईन में बिल्डिंगां के बाहर नपती कर एक लाईनिंग डाली जाए और इस लाईनिंग के बाहर के सभी अतिक्रमणों को सख्ती से हटाया जाएं। साथ ही रेल्वे स्टेशन के बाहर खडे अवैध ठैलों को भी हटाने के निर्देश दिए। इस पर निगम के अधिकारियों ने तत्काल इस काम को करने का आश्वासन देते हुए आने वाले दो या तीन दिनो में अतिक्रमण हटो के लिए आश्वस्त किया। इसके साथ ही उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने निगम के अधिकारियों को समय-समय पर आकर निर्माणाधीन एलिवेटेड रोड़ की क्वालिटी को चैक करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण कर रही कंपनी को भी तय समय में और क्वालिटी के साथ निर्माण करने के निर्देश दिए। इस दौरान निवर्तमान पार्षद अरविंद जारोली, मुकेश शर्मा, भरत जोशी, भाजपा नेता दीपक बोल्या, जितेन्द्र मारू, निगम से अतिरिक्त मुख्य अभियंता मुकेश पुजारी, सहायक अभियंता सुनील प्रजापत मौजूद थे। सेंटर से चार फीट रोड खिसकेगा नटराज की ओर निरीक्षण के दौरान उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने निगम के अधिकारियों एलिवेटेड बनने के बाद सड़क के सेंटर के बारे में पूछा तो निगम के अधिकारियों ने बताया कि सिटी स्टेशन वाली लेन में सड़क संकरी है और सेंटर निकालने पर यह सड़क नटराज होटल वाली लेन में चार फीट खिसकेगी तब जाकर सडका सेंटर आएगा और दोनो ओर सड़क बराबर चौडी होगी।



पंचायतों को नगर निगम में शामिल करने का विरोध



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ाः निकटवर्ती सुवाणा पंचायत समिति की 8 ग्राम पंचायतों को भीलवाड़ा नगर निगम में शामिल करने का ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने विरोध किया है. शुक्रवार को बड़ी संख्या में लोगों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा. प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थी.

बता दें कि इस बार प्रदेश के बजट में भीलवाड़ा नगर परिषद को नगर निगम में क्रमोन्नत किया गया था. इसके तहत स्वायत्त शासन विभाग ने भीलवाडा नगर निगम की सीमा का विस्तार किया है. इसमें शहर के पास स्थित सुवाणा पंचायत समिति की 8 ग्राम पंचायतें भी आ रही है. इसके बाद ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों का विरोध शुरू हो गया. कांग्रेस नेता राजेश चौधरी ने कहा कि सरकार के इस निर्णय के खिलाफ ग्रामीण क्षेत्र के वर्तमान व पूर्व सरपंच और अन्य जनप्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री व राज्यपाल के नाम से ज्ञापन सौंपा. इसमें मांग की गई कि ग्राम पंचायत को ग्रामीण क्षेत्र में ही रहने दें. अस्सी प्रतिशत आबादी आज भी पशुपालन व कृषि पर आधारित है, यदि इन पंचायत को नगर निगम में शामिल कर लिया गया तो आमजन को परेशानी आ जाएगी. गौरतलब है कि राजस्थान में कई शहरों की सीमा का विस्तार किया गया है. वहां भी स्थानीय ग्रामीण इसका विरोध कर रहे हैं.

फतहसागर में युवती की मौत मामला : परिजनों ने दो युवकों पर जताया हत्या का संदेह, मेडिकल बोर्ड से हुआ पोस्टमार्टम



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। फतहसागर झील में युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मिली लाश के मामले ने तूल पकड़ लिया है। मृतका अंजली कटारा (22), निवासी पाई (हाल निवासी आलू फैक्ट्री कच्ची बस्ती), की मौत को लेकर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है और दो युवकों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और निष्पक्ष जांच की मांग की। अंजली के भाई अंकित कटारा के साथ पहुंचे परिवारजनों ने आरोप लगाया कि जयपुर निवासी दलराज नारोलिया अंजलि को शादी के लिए दबाव में ले रहा था और लगातार मानसिक रूप से परेशान कर रहा था। वहीं, दिनेश कुमार नामक एक अन्य युवक पर भी शक जाहिर किया जिसने कथित तौर पर घटना से जुड़ी कुछ अहम जानकारियां पहले से ही बता दी थीं, जिससे परिवारजनों का संदेह और गहराया। परिवार ने मीडिया को बताया कि दिनेश ने यह जानकारी दी कि अंजली की स्कूटी कोर्ट में खड़ी है और उसकी चाबी वहीं पायदान के नीचे रखी है। परिजनों का सवाल है कि उसे ये बातें कैसे पहले से पता थीं? दिनेश ही स्कूटी लेकर आया और बाद में अंजली का मोबाइल क्लिनिक में मिला, जहां वह काम करती थी। परिजनों ने आरोप लगाया कि दिनेश घटना के बाद लगातार परामर्श दे रहा था और पुलिस कार्रवाई को प्रभावित करने की कोशिश कर रहा था, जबकि उन्होंने उससे ऐसा न करने को कहा था। शव मिलने के बाद पहले परिजन पोस्टमार्टम से इनकार कर रहे थे, लेकिन पुलिस अधीक्षक द्वारा मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराने के आश्वासन पर वे राजी हो गए। मामला अब कई स्तरों पर जांच के दायरे में है जिसमें दोस्ती, मानसिक उत्पीड़न, संभावित हिंसा और इलेक्ट्रॉनिक सबूत (मोबाइल, स्कूटी की लोकेशन आदि) शामिल हैं। पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है और कॉल डिटेल्स, चैट्स तथा सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

37 वां पाटोत्सव धूमधाम से मनाया गया



24 न्यूज अपडेट

श्रीमहालक्ष्मी मंदिर आश्रम, लकड़वास, उदयपुर चैत्र माह में नववर्ष प्रतिपदा से महानवरात्रि के 10 दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत पंचमी तिथि को श्रीमहालक्ष्मी मंदिर आश्रम की स्थापना के 37 वर्ष पूर्ण होने पर विविध प्रकार के आयोजन किए गए जिसमें श्री महालक्ष्मी मंदिर आश्रम का 37 वां पाटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। पीठाधीश्वर महंत श्री श्री 1008 श्री किशोर दास जी महाराज के सानिध्य में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया शोभायात्रा पूरे गांव में बड़े धूमधाम से निकाली गई जिसका मार्ग में सभी समाज के गणमान्य लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा के बाद महाभोज एवं श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया जिसमें आश्रम से जुड़े सभी शिष्य गण एवं आसपास के गांवो के सभी समाज के लोगों ने शिरकत की।

सेवादार योगाचार्य एडवोकेट उदयसिंह देवड़ा ने बताया कि इस दस दिवसीय आयोजन में कल अष्टमी के दिन शाम को होने वाली विशाल भजन संध्या में महागुरु श्री श्री 1008 श्री सच्चिदानंद जी महाराज कामाख्या धाम के धर्मगुरु अखंड बाल ब्रह्मचारी महाअघोर स्वामी जी दर्शनार्थ पधारेंगे। दिनांक 7.4.2025 को शतचंडी महायज्ञ एवं पूर्णाहुति के साथ 10 दिवसीय कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। इस अवसर पर मूरली दास वैष्णव, कल्याण दास वैष्णव, जय वैष्णव, गौरव, प्रद्युम्न, संजय, द्रोण, डॉक्टर नूतन राखेचा प्रवीण व्यास, हरीश व्यास, गेहरीलाल, आदित्य राखेचा, खुशाल प्रजापत, हीरालाल मेघवाल, सोनू, विशाल, भावना, साक्षी, रिया, किंजल, निधि आदि भक्तगण उपस्थित रहे।

महावीर जयंती पर हिरणमगरी में होंगे कई कार्यक्रमः मेहंदी-चौबीसी, सांस्कृतिक संध्या होगी, मुख्य दिन निकलेगी शोभायात्रा



24 न्यूज अपडेट

भगवान महावीर का 2624वां जन्म कल्याणक महोत्सव को लेकर उदयपुर के हिरणमगरी उप नगरीय क्षेत्र में चार दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर बैठक की गई।

हिरणमगरी उप नगरीय परिक्षेत्र (सेक्टर 3, सेक्टर 8, गायरियावास, अरिहन्त नगर, मादड़ी) सकल जैन समाज के महावीर जैन जागृति परिषद की और से यह आयोजन किए जाएंगे। डॉ. हिम्मतलाल वया ने बताया- कार्यक्रम का शुभारंभ 7 अप्रेल को सेवा एवं जीव दया कार्य से आरम्भ प्रातः 9 बजे सैटेलाइट हॉस्पिटल, सेक्टर 5 में मरीजों को फल एवं बिस्किट वितरण किया जाएगा। उसी दिन गोशाला में गायों को गुड़ व चारा खिलाया जाएगा तथा दोपहर में अनाथाश्रम में बच्चो को भोजन कराया जाएगा। अरूण वया ने बताया- 8 अप्रेल को दिन में सेक्टर 4 स्थित जैन स्थानक भवन में महिलाओं की ओर से मेहंदी और चौबीसी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की संयोजक संगीता बोहरा, उषा मेहता व सरिता कावडिया को बनाया है।

सुशील बाठिया ने बताया- 9 अप्रेल को प्रातः जीतो की ओर से आयोजित नवकार महामंत्र जाप एक विश्व एक मंत्र का विश्व रिकार्ड निर्माण का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सभी शामिल होंगे। यह आयोजन विद्या निकेतन स्कूल, सेक्टर 4 में होगा।

9 अप्रेल की शाम को 7.30 बजे से परिषद की महिला प्रकोष्ठ द्वारा सांस्कृतिक संध्या का आयोजन विद्या निकेतन स्कूल सेक्टर 4 किया जाएगा, जिसमें 20 से अधिक महिला मंडलों की ओर से सुन्दर प्रस्तुतियां दी जाएगी। कार्यक्रम की संयोजक वन्दना बाबेल, उषा कुणावत एवं चंचल मांडावत को बनाया है।

आरसी मेहता एवं आनंदीलाल बम्बोरिया ने बताया- 10 अप्रेल का प्रातः 6.30 से 7.30 से सामायिक का कार्यक्रम जैन स्थानक भवन से. 4 , प्रातः 8 बजे विशाल शोभायात्रा एवं वाहन रैली विद्या निकेतन स्कूल सेक्टर 4 से प्रारम्भ होगा। उत्कृष्ट झांकियों में से प्रथम और द्वितीय को पुरस्कार और सभी को सहभागिता पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। शोभा यात्रा वाहन रैली का शुभारंभ अतिथि समाजसेवी विनोद लसोड झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

शोभायात्रा विद्या निकेतन स्कूल सेक्टर 4 से प्रारम्भ होकर सेक्टर 3, 4 एवं 5 के जिनालयों व उपासरों के सामने से गुजरते हुये पुलिस थाना सेक्टर 6 से मुख्य मार्ग होते हुये पुनः विद्या निकेतन स्कूल सेक्टर 4 पहुंचेगी जहां पर समापन होगा। वहां होने वाले कार्यक्रम में अतिथियों व भामाशाहों का सम्मान किया जाएगा। इस दौरान दिनेश नंदावत, राजेन्द्र डागा, हेमन्त पामेचा आदि मौजूद थे।

नियम विरूद्ध बेचे जा रहे ई-स्कूटर्स जब्त, परिवहन विभाग की कार्रवाई



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 4 अप्रैल। परिवहन विभाग ने शुक्रवार को बड़ी कार्यवाही करते हुए उदयपुर में नियम विरूद्ध बेचे जा रहे 16 ई-स्कूटर्स जब्त किए। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी ज्ञानदेव विश्वकर्मा ने बताया कि जिला परिवहन अधिकारी नितिन बोहरा ने शहर के गोवर्धन विलास में ओला ई-स्कूटर के शो रूम पर छापा मारा और वहां पर नियम विरूद्ध बेचे जा रहे 16 ई-स्कूटर्स को जब्त किया। उन्होंने बताया कि शो रूम मालिक पर विभागीय ट्रेड सर्टिफिकेट के बिना व्यवसाय किए जाने पर अभियोग दर्ज कर जुर्माना भी लगाया गया है। श्री विश्वकर्मा ने बताया कि जांच के दौरान शो रूम पर नियमानुसार आवश्यक दस्तावेज एवं ट्रेड सर्टिफिकेट नहीं पाया गया। उन्होंने बताया कि दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के डीलरों के पास विभागीय ट्रेड सर्टिफिकेट होना आवश्यक है, बिना ट्रेड सर्टिफिकेट के कोई भी व्यक्ति वाहन का बेचान नहीं कर सकता है। उन्होंने बताया कि विभाग के संज्ञान में आया है कि शहर के भीतरी इलाकों एवं शहर से दूर ग्रामीण क्षेत्रों में बिना वैध ट्रेड सर्टिफिकेट के वाहनों को बेचान किया जा रहा है इसलिए जिला परिवहन अधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया है जो आने वाले दिनों में इसकी सघन जांच करेगी एवं दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

जयपुर परकोटे में व्यापारियों ने बाजार बंद करवाए:बड़ी चौपड़ पर बैठे, निगम की सीलिंग कार्रवाई के विरोध में सड़क पर उतरे



24 न्यूज अपडेट

जयपुर में आज नगर निगम हेरिटेज की सीलिंग कार्रवाई के खिलाफ व्यापारियों ने प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने सुबह 10:30 बजे से दड़ा मार्केट और जौहरी बाजार की दुकानें बंद कर दीं। दोपहर 12 बजे के करीब बड़ी चौपड़ पर धरने पर बैठ गए।

व्यापारियों का कहना है कि कोर्ट के आदेश के बावजूद हेरिटेज निगम सीलिंग कार्रवाई कर रहा है। आज भी निगम ने 5 परिसरों में करीब 90 दुकानें सील की हैं। 19 कॉपलेक्स की कुल 900 दुकानें इस मामले से प्रभावित होगी। रहवासियों और व्यापारियों के पास जगह के मालिकाना हक के कागजात हैं। उन्होंने इस संबंध में कोर्ट से स्टे भी प्राप्त किया है।

7 अप्रैल को कोर्ट में सुनवाई होनी है

दड़ा मार्केट व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनोज गोयल ने बताया कि इन बिल्डिंगों में दुकानें और आवास दोनों हैं। पार्किंग की पूरी व्यवस्था है। मामले में 7 अप्रैल को कोर्ट में सुनवाई होनी है, कोर्ट के स्टे के बावजूद आज भी हेरिटेज नगर निगम ने सीज की कार्रवाई की। 7 अप्रेल को मामले में सुनवाई होगी।

कुछ परिवार तो 70 सालों से यहां रह रहे

व्यापारी नेमी कुमार खंडका ने बताया- व्यापारी पिछले 25 सालों से यहां दुकानें चला रहे हैं। कुछ परिवार तो 70 सालों से यहां रह रहे हैं। वे नियमित रूप से जीएसटी, बिजली बिल और अन्य सरकारी कर चुकाते आ रहे हैं। सभी व्यापारिक संगठनों ने इस विरोध को समर्थन दिया है। व्यापारियों का कहना है कि सीलिंग कार्रवाई से 5000 से अधिक परिवार आर्थिक रूप से प्रभावित होंगे।

रास्ते बंद किए गए

व्यापारियों के प्रदर्शन के कारण रामगंज से बड़ी चौपड़ के रास्ते को बंद किया गया है। बड़ी चौपड़ से सांगानेरी गेट जाने वाले यातायात को भी डायवर्ट किया गया है। साथ ही जगह-जगह बेरिकेड्स लगाए गए हैं।

जिंदा बम मामले में चारों आरोपी दोषी करार, 8 अप्रैल को अदालत सुनाएगी सजा



24 न्यूज अपडेट

जयपुरः जयपुर बम ब्लास्ट मामलों की विशेष अदालत ने शहर में सिलसिलेवार हुए बम धमाकों के बीच जिंदा मिले बम के मामले में चारों आरोपियों को दोषी माना है. पीठासीन अधिकारी रमेश जोशी की अदालत 8 अप्रैल को इन्हें सजा सुनाएगी. सुनवाई के दौरान मोहम्मद सैफ और सैफुर्रहमान को न्यायिक अभिरक्षा से पेश किया गया, जबकि जमानत पर रिहा सरवर आजमी और शाहबाज हुसैन अदालत में पेश हुए. अदालत ने आदेश सुनाने के बाद जमानत पर रहा दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में ले लिया है.

कोर्ट में रखा ये तर्कः अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष अभियोजक सागर तिवाड़ी ने बताया कि मामले में 112 गवाहों के बयान दर्ज कराए हैं. वहीं, करीब 1200 दस्तावेजों को प्रदर्शित करवाया गया है. वहीं, आरोपियों के अधिवक्ता मिनहाजुल हक ने बताया कि बचाव पक्ष की ओर से कोई भी गवाह के बयान दर्ज नहीं कराए. बचाव पक्ष ने 122 दस्तावेजों को प्रदर्शित करवाया है.

आरोपी पक्ष की ओर से अपनी बहस में कहा गया कि इस मामले और पूर्व में जयपुर बम ब्लास्ट केस के तथ्य समान हैं. इन्हीं समान तथ्यों पर हाईकोर्ट आरोपियों को बरी कर चुका है. इस मामले में अभियोजन पक्ष यह भी पता नहीं कर पाया है कि साइकिल किसने रखी थी. वहीं, चांदपोल गेट के बाहर किसी आरोपी की निशानदेही भी साबित नहीं हो पाई है, इसलिए आरोपियों को दोषमुक्त किया जाए.

यह है मामलाः बता दें कि जयपुर बम ब्लास्ट केस में हाईकोर्ट ने 29 मार्च 2023 को चार आरोपियों मोहम्मद सैफ, सैफुर्रहमान, सरवर आजमी व एक अन्य को दोषमुक्त कर दिया था. जिंदा बम मामले में एटीएस ने पूर्व अन्य गवाहों के साथ एडीजी अरविन्द कुमार जैन व मीडियाकर्मी प्रशांत टंडन सहित साइकिल कसने वाले दिनेश महावर को गवाह बनाया था. गौरतलब है कि 13 मई 2008 को शहर की चार दिवारी में सिलसिलेवार कई जगह बम धमाके हुए थे. वहीं, चांदपोल हनुमान मंदिर के बाहर एक जिंदा बम मिला था.

अमेरिकी कर्मचारियों पर चीनी नागरिकों से संबंध रखने की पाबंदीः सुरक्षा का नाम या निजी जीवन पर सरकारी सेंसर?



24 न्यूज अपडेट

वॉशिंगटन डीसी। अमेरिका में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी नौकरियों में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को अब चीनी नागरिकों के साथ रोमांटिक या यौन संबंध रखने की मनाही कर दी गई है। यह नया निर्देश अमेरिकी खुफिया एजेंसियों द्वारा सुझाए गए "प्रीवेंटिव काउंटर-इंटेलिजेंस मेज़र" का हिस्सा है, जो हालिया वर्षों में चीन के कथित साइबर हमलों और डेटा जासूसी घटनाओं के बाद तेज़ी से लागू किए जा रहे हैं।

आधिकारिक आदेश का दायरा क्या है?

यह आदेश केवल सामान्य डेटिंग या शारीरिक संबंधों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें डिजिटल संवाद, सोशल मीडिया पर निजी बातचीत और यहां तक कि किसी चीनी नागरिक के साथ गोपनीय दोस्ताना व्यवहार भी शामिल है। राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि यह कदम "हनी ट्रैप" रणनीतियों से बचाव के लिए आवश्यक है—एक ऐसी रणनीति जिसका प्रयोग अतीत में कई बार संवेदनशील सूचनाओं की चोरी के लिए किया गया है।

इतिहास में ऐसी मिसालें

इस प्रकार की पाबंदियाँ नई नहीं हैं। शीत युद्ध के दौरान, अमेरिका और रूस (तब सोवियत संघ) के बीच कूटनीतिक संबंधों में अभूतपूर्व अविश्वास देखा गया था, जिसके चलते कई अमेरिकी एजेंसियों ने सोवियत नागरिकों के साथ संपर्क को प्रतिबंधित किया था। आज का कदम उसी ऐतिहासिक संदर्भ का पुनरावृत्तिमान प्रतीत होता है—बस इस बार प्रतिद्वंदी चीन है।

कर्मचारियों में असमंजस और असंतोष

नई नीति के कारण कई कर्मचारियों में निजता हनन और नस्लीय भेदभाव को लेकर असंतोष पनप रहा है। कुछ अफसरों ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि यह नीति पर्सनल लाइफ में अतिक्रमण है और इससे भावनात्मक तनाव पैदा होगा, खासकर उन लोगों के लिए जिनके पार्टनर पहले से ही चीनी नागरिक हैं। एक अधिकारी ने कहा, "रिश्ते विश्वास पर आधारित होते हैं, राष्ट्रीयता पर नहीं। अगर मुझे अपने साथी पर भरोसा है, तो सरकार को इसमें हस्तक्षेप करने का क्या अधिकार है?" संविधान विशेषज्ञ डॉ. एमिली थॉर्नटन कहती हैं, "यदि यह नीति केवल राष्ट्रीयता के आधार पर लोगों के बीच संबंधों को प्रतिबंधित करती है, तो यह संवैधानिक अधिकारों—जैसे कि निजी जीवन की स्वतंत्रता और समानता के अधिकार—का उल्लंघन हो सकता है।" हालांकि सरकार इसे "न्यायिक समीक्षा से बचाव" (Judicial Deference in National Security) के तहत वैध ठहराने की कोशिश कर सकती है।

क्या यह सिर्फ चीन तक सीमित रहेगा?

यह एक बड़ा सवाल है। यदि आज चीन के नागरिकों के साथ संबंधों पर रोक लगाई जाती है, तो कल को क्या यह रूसी, ईरानी या अन्य देशों तक भी बढ़ेगा? क्या अमेरिका अपने कर्मचारियों को एक "मित्र बनाओ, लेकिन सरकार की इजाज़त से" नीति की ओर ले जा रहा है?

चीनी प्रतिक्रिया और कूटनीतिक तनाव

चीनी विदेश मंत्रालय ने इस निर्णय पर "निंदा" करते हुए कहा है कि अमेरिका का यह कदम केवल राजनीतिक सनक और रणनीतिक असुरक्षा का प्रतिबिंब है। उनका दावा है कि यह अमेरिकी समाज में "चीन-फोबिया" और नस्लीय पूर्वग्रह को और बढ़ावा देगा।

आरपीएससी में कर्मचारी लामबंद, 7 अप्रैल से सामूहिक अवकाश पर जाने की तैयारी



24 न्यूज अपडेट

अजमेरः राजस्थान लोक सेवा आयोग में कर्मचारी आंदोलन की राह पर हैं. अभी दो दिन से पेन डाउन हड़ताल चल रही थी. अब सात अप्रैल से सामूहिक अवकाश पर जाने की तैयारी में है. कर्मचारी राजपत्रित और अराजपत्रित संवर्ग के विभिन्न पदों में बढ़ोतरी की मांग कर रहे हैं. आरपीएससी प्रशासन उनकी मांगों पर अभी तक कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया है.

राजस्थान लोक सेवा आयोग कर्मचारी संघ के पदाधिकारी दयाकर शर्मा ने बताया कि आयोग में वर्ष 2024 में 43 दिन में 80 परीक्षाएं आयोजित की गई थी. वर्ष 2025 में 80 दिन में 158 परीक्षाएं होनी है. ऐसे में इस वर्ष परीक्षा का दोगुना हो गया. साक्षात्कार के माध्यम से होने वाली भर्तियों में दो वर्ष तक का समय लग सकता है. ऐसे में आयोग में काम का लोड बढ़ गया है. इसके बावजूद अभी तक स्टाफ की संख्या में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई.

एक साल से कर रहे थे मांगः उन्होंने बताया कि कर्मचारी संघ आयोग के विभिन्न कैडरों में पद सृजित करने की मांग एक साल से करता आ रहा है, लेकिन आयोग प्रशासन ने कर्मचारियों की मांग को कभी गंभीरता से नहीं लिया. लिहाजा, कर्मचारियों को आंदोलन करना पड़ रहा है. उन्होंने बताया कि विगत 2 दिन से कर्मचारी आयोग में पेन डाउन हड़ताल किए हुए हैं. इसके बावजूद भी यदि आयोग ने उनकी मांग को पूरा करने का उचित आश्वासन नहीं दिया तो सात अप्रैल से समस्त कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर जाएंगे और कार्मिक अनशन करेंगे.

विरोध प्रदर्शन कियाः आरपीएससी परिसर में शुक्रवार को कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया. शर्मा ने कहा कि कर्मचारी लगातार आंदोलनरत हैं, लेकिन आयोग प्रशासन ने अभी तक वार्ता तक नहीं की है. आरपीएससी कर्मचारी संघ के पदाधिकारी सात अप्रैल से सामूहिक अवकाश पर जाने की तैयारी कर रहे हैं. कर्मचारियों की हड़ताल लंबी चलती है तो आयोग का कामकाज ठप हो जाएगा. इससे आगामी परीक्षाएं और इंटरव्यू भी प्रभावित हो सकते हैं.

एकतरफा प्यार में लगा केस, जेल में गैंगस्टर से हुई पहचान, जानिए कैसे लॉरेंस का गुर्गा बना किराना व्यापारी का बेटा



24 न्यूज अपडेट

जयपुरः राजस्थान में बढ़ते संगठित अपराध पर नकेल कसने के लिए गठित एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात गैंगस्टर आदित्य जैन उर्फ टोनी को गिरफ्तार किया है. वह लॉरेंस विश्नोई और रोहित गोदारा गैंग के लिए दुबई से डब्बा कॉलिंग कंट्रोल रूम चला रहा था. एजीटीएफ ने उसे दुबई से गिरफ्तार कर जयपुर लाया है.

एडीजी (एजीटीएफ-क्राइम ब्रांच) दिनेश एमएन ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में बताया कि आदित्य नागौर जिले के कुचामन सिटी का निवासी है. वह दुबई में बैठकर गैंग के लिए इंटरनेट कॉलिंग और डब्बा कॉलिंग सिस्टम संचालित कर रहा था. दुबई पुलिस ने फरवरी 2025 में उसे हिरासत में लिया था. इसके बाद एजीटीएफ ने उसे गिरफ्तार कर भारत लाया. गैंग का तकनीकी **ऑपरेटर था आदित्यः** एडीजी ने बताया कि आदित्य जनवरी 2024 में दुबई गया था और अप्रैल 2024 से लॉरेंस विश्नोई-रोहित गोदारा गैंग के लिए डब्बा कॉलिंग का कंट्रोल रूम चला रहा था. इससे पहले 2023 में एजीटीएफ ने गैंग के एक अन्य सदस्य अमरजीत विश्नोई को इटली से गिरफ्तार कराया था. अमरजीत की गिरफ्तारी के बाद गैंग की डब्बा कॉलिंग की जिम्मेदारी आदित्य ने संभाली. वह गैंग के लिए इंटरनेट कॉलिंग, फर्जी नंबरों से धमकी भरे कॉल, वारदातों की योजना बनाना, हथियारों की आपूर्ति और रकम का प्रबंध करने जैसे कार्य करता था. गैंग के सदस्य सीधे कॉल नहीं करते थे, बल्कि आदित्य के जरिए ही डब्बा कॉल से संपर्क करते थे.

कम उम्र में अपराध की दुनिया में कदमः दिनेश एमएन के अनुसार, आदित्य पर पहला केस उसकी 17-18 वर्ष की उम्र में दर्ज हुआ था. वह एकतरफा प्रेम के चलते एक मामले में फंसा. उसके पिता कुचामन सिटी में किराना दुकान चलाते हैं. वह अपने पिता की इकलौती संतान है. बाद में वह चूरू जेल गया, जहां 2018 में उसकी मुलाकात वीरेंद्र चारण से हुई. वीरेंद्र वर्तमान में लॉरेंस-गोदारा गैंग का सदस्य है. वहीं से आदित्य की गैंग से नजदीकी बढ़ी.

गैंग की वारदातों का राजदारः एडीजी ने बताया कि आदित्य गैंग की लगभग हर आपराधिक गतिविधि से जुड़ा रहा. वह रंगदारी वसूलने के लिए टारगेट किए गए लोगों के मोबाइल नंबर और अन्य निजी जानकारी इकट्ठा करता था. लॉरेंस विश्नोई के निर्देश पर वह व्हाट्सएप, सिग्नल या वीओआईपी कॉल के जरिए धमकी देता था. अगर रंगदारी नहीं मिलती थी तो बदमाशों को भेजकर टारगेट के घर या प्रतिष्ठान पर फायरिंग करवाई जाती थी. गैंग के सदस्य वारदात के वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर डालते थे और उसकी जिम्मेदारी लेकर भौकाल बनाते थे. सोशल मीडिया का इस्तेमाल डर फैलाने और गैंग की धमक दिखाने के लिए किया जाता था.

कई गंभीर मामले दर्जः आदित्य पर अपहरण, दुष्कर्म, रंगदारी के लिए धमकाने, अवैध हथियार रखने और वारदात के लिए बदमाशों को मोबाइल, हथियार और रुपए मुहैया कराने जैसे सात आपराधिक मामले दर्ज हैं. वह गैंग का सक्रिय और भरोसेमंद सदस्य था. तकनीकी निगरानी के आधार पर आदित्य के दुबई में होने की पुष्टि हुई. इसके बाद राजस्थान पुलिस ने उसके खिलाफ सबूत इकट्ठा कर सीबीआई की मदद से इंटरपोल से रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवाया. यूएई की अथॉरिटी को इंटरपोल रेफरेंस भेजा गया और फरवरी 2025 में उसे वहां की सुरक्षा एजेंसियों ने हिरासत में लिया. यूएई से उसे भारत लाने के लिए केंद्र सरकार के विदेश मंत्रालय और राज्य सरकार के गृह विभाग से अनुमति जरूरी थी. मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों ही स्तरों से एक ही दिन में वित्तीय और प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त कर ली गई. इसके बाद राजस्थान पुलिस की टीम उसे जयपुर लेकर आई.

बारां में सीसवाली पुलिस ने किया बैट्रियां चुराने वाली अन्तरराज्यीय गैंग का पर्दाफाश, 2 आरोपी गिरफ्तार, चुराई गई 40 बैटरियाँ एवं घटना में प्रयुक्त एक ऑटो जब्त

24 न्यूज अपडेट

जयपुर 04 अप्रैल। बारां जिले की सीसवाली थाना पुलिस ने रात के समय दुकानों का ताला तोड़कर बैट्रियां चुराने वाली अन्तरराज्यीय गैंग का पर्दाफाश कर चुराई गई 40 बैटरी एवं घटना में प्रयुक्त एक सीएनजी ऑटो जब्त कर आरोपी लक्ष्मीचंद पांचाल पुत्र गोरधन (38) निवासी दुर्गानगर कच्ची बस्ती थाना गुमानपुरा कोटा शहर एवं मुरली मीणा पुत्र नंदकिशोर (28) निवासी बिछारस थाना मोठपुर जिला बारां को गिरफ्तार किया है।

एसपी राजकुमार चौधरी ने बताया कि 31 मार्च को छत्रपुरा निवासी हरिओम मीणा ने रिपोर्ट दी थी कि वो सुबह 7.30 बजे दुकान पर आया और देखा तो शटर के ताले टूटे हुए मिले। दुकान मे रखी इन्वर्टर की 8 व झटका मशीन की बैटरियां एवं रिपेरिंग का सामान अज्ञात चोर चुरा ले गये। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।

आरोपियों की गिरफ़तारी के लिये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश चौधरी के निर्देशन व सीओ अन्ता सोजी लाल मीणा के सुपरविजन में एसएचओ बाबु लाल मीणा के नेतृत्व गठित टीम द्वारा संदिग्ध स्थानो पर दबिश दी जाकर तकनीकी सहायता से अभियुक्त लक्ष्मीचंद पांचाल एवं मुरली मीणा को गिरफ़तार किया किया गया। जिनके कब्जे से उनके द्वारा चुराई गई 40 बैटरियां जब्त की गई है। जिनकी अनुमानित कीमत 04 लाख रूपये है। चोरी मे प्रयुक्त सीएनजी ऑटो को भी बरामद किया गया है।

उक्त आरोपी चोरी के आदतन अपराधी है, जिन्होंने थाना सुल्तानपुर, कैथून व ताथेड में भी रात के समय दुकानों के ताले तोड़कर बैटरियां चोरी करना बताया है। जिनसे चोरी की अन्य वारदातों के संबंध में भी गहनता से अनुसंधान किया जा रहा है। इनकी गिरफ्तारी में विशेष भूमिका कांस्टेबल हरिशंकर की रही।

तरीका वारदातः- गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि जहां पर भी रात के समय चोरी करनी हो तो दिन मे ही ऑटो लेकर उस कस्बे में दुकानो की रैकी कर वहीं पर खाना खाकर बस स्टैण्ड, धर्मशाला, चौराहो पर ऑटो में ही विश्राम कर रात 12-02 बजे के बीच दुकानों का ताला तोडकर वारदात करते है।

वैशाली में उत्तमस्वामी महाराज की श्रीमद्भागवत कथा का हुआ भव्य समापन, सुदामा चरित्र, दत्तात्रेय कथा एवं परीक्षित मोक्ष के वृतांत ने श्रद्धालुओं को आकर्षित किया



24 न्यूज अपडेट

जयपुर,4 अप्रैल। वैशाली नगर में गोकुलधाम, जानकी पैराडाइस में चल रही भागवत कथा का आज विधिवत समापन हुआ । परम पूज्य संत महामंडलेश्वर श्री ईश्वरानंद ब्रह्मचारी उत्तम स्वामी जी महाराज के मुखारविंद से 29 मार्च से मंगल कलश यात्रा के साथ जी भागवत कथा का प्रारंभ हुआ था । वह कथा आज सुदामा चरित्र, दत्तात्रेय कथा एवं परीक्षित मोक्ष के वृतांत के साथ समाप्त हुई । भागवत कथा दौरान श्रद्धालु भाव विभोर नजर आए। कथा में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं ने भजनों व विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से परमात्मा से जुड़े रोचक तथ्यों को समझा अपने जीवन में आत्मसात किया। इस कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में भक्तगणों एवं महिलाओं ने अपनी भागीदारी निभाई। आज की कथा में बड़ी संख्या में भक्तगणों और महिलाओं के अतिरिक्त प्रदेश की जानी-मानी शख्सियत श्रीमान अवधेशाचार्य जी महाराज गलता पीठ, पूर्व विधायक श्रीमान सतीश पूनिया, श्रीमान अरुण चतुर्वेदी, विधायक गोपाल शर्मा, चंद्रभान सिंह आख्या व शत्रुघ्न गौतम, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के श्रीमान गजेंद्र सिंह जी, श्रीपाल शक्तावत, महेंद्र यादव साहब, धनंजय सिंह जी, संजीव जी भार्गव, सत्यनारायण जी शर्मा, देवेंद्र जी शर्मा, प्रदीप पालीवाल, बिजेंद्र चौहान आदि लोग उपस्थित रहे।

कन्या पूजन भी हुआः कथा संपन्न होने पर नवरात्रों के उपलक्ष में कन्या पूजन किया गया एवं आरती के साथ श्रीमद् भागवत कथा का समापन हुआ।

समापन के पश्चात कथा में पधारे हुए सभी भक्तगणों और कार्यकर्ताओं के लिए महाप्रसाद जी का आयोजन रखा गया था जिसमें सभी भक्तगणों में और कार्यकर्ताओं ने प्रसादी का आनंद लिया।श्रद्धालुओं गुरुदेव उत्तम स्वामी जी का आशीर्वाद प्राप्त किया और इस कथा की मधुर स्मृतियों के साथ विदा ली।

मीरा मां और बुटाटी धाम के प्रति लाखों लोगों की आस्था, रेण स्टेशन पर हो ट्रेनों का ठहराव :सांसद

सांसद मेवाड़ ने उठाई रेण रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग



24 न्यूज अपडेट

राजसमंद. राजसमंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ ने लोकसभा में नियम 377 के तहत रेण रेलवे स्टेशन पर महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव की मांग उठाई है। सांसद ने कहा है कि रेण रेलवे स्टेशन ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण स्थान है, जो मेड़ता सिटी के मीरामाई धाम और बुटाटी धाम जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों के निकट स्थित है। प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु और लकवा से ग्रसित मरीज इन स्थानों पर दर्शन व उपचार के लिए आते हैं, किंतु रेण स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव नहीं होने के कारण यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने रेलवे मंत्रालय से मांग की है कि निम्नलिखित ट्रेनों का ठहराव रेण रेलवे स्टेशन पर सुनिश्चित किया जाएः

1. जम्मू तवी – बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस (19027/28)
2. हिसार – बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट (22915/16)
3. रुणीचा एक्सप्रेस (14087/88)
4. भावनगर – हरिद्वार एक्सप्रेस (19271/72)
5. सालासर एक्सप्रेस (22421/22)

उन्होंने कहा है कि इन ट्रेनों के ठहराव से यात्रियों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी और क्षेत्र की धार्मिक तथा पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। सांसद महिमा कुमारी ने रेलवे मंत्रालय से इस मांग पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया है।

एमपी के सीएम डॉ. मोहन यादव ने उदयपुर के संदीप व सरोज पाटीदार का किया सम्मान



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 4 अप्रैल। मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम द्वारा आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में उदयपुर निवासी युवा उद्यमी दंपत्ति संदीप पाटीदार औऱ सरोज पाटीदार को कृषि क्षेत्र में नवाचार, सतत विकास और किसानों के सशक्तिकरण में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया । इस अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उन्हें यह विशिष्ट सम्मान प्रदान किया और बधाई दी। यह सम्मान पाटीदार दंपति को आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रसार, जैविक एवं औषधीय खेती को प्रोत्साहित करने, किसानों को बाजार से सीधे जोड़ने और कृषि-उद्योग के माध्यम से किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में किए गए उनके महत्वपूर्ण कार्यों के लिए दिया गया।

सम्मान प्राप्त करने के पश्चात संदीप पाटीदार ने कहा, यह सम्मान उन सभी किसानों, कृषि वैज्ञानिकों और सहयोगियों का है, जिन्होंने इस अभियान को एक आंदोलन का रूप दिया है। हमारा लक्ष्य केवल परंपरागत कृषि को संरक्षित करना ही नहीं, बल्कि किसानों को आधुनिक तकनीकों और कृषि-आधारित उद्योगों से जोड़कर उनकी आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाना है। हमने अपनी सेवाओं का विस्तार जिला, तहसील और पंचायत स्तर तक किया है, जिससे किसानों को सही मार्गदर्शन मिल सके और वे अपनी उपज को सही मूल्य दिलाते हुए आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दें। यह सम्मान हमें और अधिक प्रतिबद्धता के साथ किसानों की सेवा करने की प्रेरणा देता है।"

सरोज पाटीदार ने कहा वर्तमान में मिट्टी से बाजार तक' की संपूर्ण प्रक्रिया में किसानों को सहयोग प्रदान कर रही है। कंपनी मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, कम लागत में उच्च उत्पादन, उन्नत कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण, उचित बाजार मूल्य सुनिश्चित करने तथा कृषि-उद्योग के विस्तार में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसके अतिरिक्त इसके अलावा कृषि के माध्यम से किसानों को टिकाऊ और प्राकृतिक कृषि तकनीकों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

धरियावद के 48 गांव जुड़ेंगे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में, 112 किमी पक्की डामरीकृत सड़क बनेगी



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, धरियावद। धरियावद विधानसभा के 48 गांव प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में जुडेंगे। इसके तहत धरियावद विधानसभा क्षेत्र के 48 गांवों में 112 किमी डामरीकरण सड़क का निर्माण होगा। उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर धरियावद विधानसभा क्षेत्र के 48 गांवां के डामरीकरण सड़क के प्रस्ताव भारत सरकार से स्वीकृत करवाकर क्षेत्रवासियो को लाभान्वित किया है। इनमें धरियावद ब्लॉक में 19 गांव कुल 44 किमी डामरीकरण से जुड़ेंगे जिनमें बड़ली फला, उपला फला, आमली फला,कुमारिया फला, बोडीमंगरी, मेघवाल फला, खेड़ी फला, बारोई फला, लौहार फला, जाड़ा हागड़ा फला, कुण्डी फला, भूरा फला, काली मंगरी, कुटदाफला, जगलावदा, मंडी फला, मेडी फला, बिक्या फला, मेड़ा फला शामिल होंगे। इसी तरह लसाडिया ब्लॉक में 16 गांव कुल 45 किमी डामरीकरण से जुड़ेंगे जिनमें गुंदावत घाटी से डंगेला, करनागढ़,धौलिया से नीमड़ी फला,कालादाता, माण्डेर चोराया से पालोटा,कुण पानुंद रोड से घाटी फला,लसाड़िया धरियावद रोड से भरबड़ा, कालीभीत पीएचसी से आमली खेड़ा, बोरका पानी रोड से नालमहुड़ी, शोभजी गुडा स्कूल से खेजडिया फला, पिपला पानी, घाघरी, पावटी, भनावतपूरा, पाइमंडली, कालीपोल झल्लारा ब्लॉक में 13 गांव में 23 किमी डामरीकरण से जुड़ेंगे। इनमें साजनोत से नयाघर, धोरा से बड़ा दौलपुरा, झल्लारा धरियावद रोड़ से छानी फला,पायरा घटेड़ रोड से चुड़ावाला सागर फला,बोरी घटेड़ रोड से सालोतरा फला,हड़मतिया कला से मातामंगरी, शेषपुर केनर रोड़ से बुड़ैल फला, गामड़ी से मीणा बस्ती, हड़मतिया कला से डाला फला में आगामी तीन वित्तीय वर्षों में सड़कों का झाल बिछेगा जिससे आमजन व क्षेत्रवासियो को लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में डामरीकरण सड़क स्वीकृत करने पर भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री, विधायक प्रत्याशी धरियावद कन्हैयालाल मीणा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी, सांसद मन्नालाल रावत का समस्त क्षेत्रवासियो की तरफ से आभार धन्यवाद व्यक्त किया।

309 लोगों ने किया रक्तदान, मातृशक्ति ने बढ़ चढ़कर रक्तदान शिविर में भाग लिया



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर. रक्तदान महादान के उद्देश्य की पूर्ति के लिए रक्तदाताओं ने रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं रक्तदान किया। फील्ड क्लब में कीर्ति शेष राहुल चौधरी की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित रक्तदान शिविर में 309 लोगों ने रक्तदान किया। जिसमें मातृ शक्ति की बड़ी भूमिका निभाते हुए 61 महिलाओं ने रक्तदान कर समाज को संदेश दिया कि रक्तदान में महिला भी पीछे नहीं हैं। आने वाले समय में महिलाओं की ओर ज्यादा भागीदारी रहेगी। रक्तदान शिविर के संयोजक राजेश चौधरी एवं नरेश चौधरी ने बताया कि रक्तदान करने वालों का हौसला बढ़ाने के लिए उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ,ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, गजपाल सिंह, चंद्रगुप्त सिंह ,शांतिलाल चपलोत, पारस सिंघवी, मनोहर चौधरी ,सुरेश कुमार खटीक, कैलाश चौधरी, सूर्य प्रकाश सुहालका , नरेश पूर्बिया,राणा जायसवाल, तुषार मेहता, हनुमान सिंह ,उमेश ,भूपेंद्र श्रीमाली ने अपनी उपस्थिति दी। कार्यक्रम का संचालन देवीलाल सालवी ने किया। अतिथियों ने सभी रक्तदाताओं को उपरणा ओढ़ाकर, प्रसंशा पत्र,स्मृति चिन्ह एवं एक पौधा भेंटकर सम्मान किया। पर्यावरण प्रेमी नरेश पूर्बिया ने कहा की पौधा भेंटकर संदेश दिया कि रक्तदान से जीवन बचाया जा सकता है। वैसे ही पर्यावरण शुद्ध करने के लिए वृक्षारोपण किया जाए तो शुद्ध पर्यावरण से बीमारियां कम होगी और लोग स्वस्थ रहेंगे। कई नवयुवक युवतियों ने पहली बार रक्तदान कर प्रसन्नचित नजर आए। शिविर में कैलाश बैरागी, राजेंद्र राव, हरि कुमार एवं महिला संगठन से युक्ता चौधरी, सुमन चौधरी, जयप्रभा चौधरी, आशा मालवीया, रेखा चौधरी, शारदा चौधरी, काजिमा वसीम, रेखा मेवाड़ा ने शिविर की व्यवस्थाओं को संभाल रखा था। शिविर में नारायण पटेल, गिरवर लाल चौधरी, उपेंद्र चौधरी ,जसवंत चौधरी, अशोक चौधरी, गजेंद्र चौधरी ,प्रकाश चौधरी, विकास चौधरी, गायत्री चौधरी दीपमाला मेवाड़ा ,ताराचंद मेवाड़ा, बालकृष्ण सुहालका,धारावती सुहालका, सोनल टांक, सोहन लाल सुहालका सहित कई गणमान्य समाज जन उपस्थित थे।

भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 10 अप्रैल को



24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेड़ा। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी भगवान श्री महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव चैत्र सुदी 13, दिनांक 10 अप्रैल, गुरूवार को उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया जा रहा है। श्री महावीर जन्मकल्याणक समिति के संयोजक सुरेंद्र डूंगरवाल ने बताया कि श्री महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक अवसर पर सकल जैन समाज द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 10 अप्रैल, गुरुवार को प्रातः 6.30 बजे श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से प्रभात फेरी निकाली जाएगी, ततपश्चात प्रातः 9 बजे जैन मंदिर से चल समारोह प्रारंभ होगा, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए आदर्श कॉलोनी स्थित श्री राजेन्द्र सूरी ज्ञान मंदिर पहुंचेगा, जहां सकल जैन श्रीसंघ, निम्बाहेड़ा की आज्ञा से महोत्सव के लाभार्थी परिवार विजय सिंह-श्रीमती कमलेश सिंघवी एवं परिवार का श्री संघ द्वारा बहुमान किया जाएगा। समिति संयोजक ने बताया कि इस अवसर पर जैन सोश्यल ग्रुप (मेन), निम्बाहेड़ा द्वारा श्री राजेन्द्र सूरी ज्ञान मंदिर पर प्रातः 10.30 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा, साथ ही प्रातः 11 बजे से स्वामी वात्सल्य का आयोजन होगा। कार्यक्रमों के पश्चात रात्रि में जैन मंदिर में प्रभु अंग रचना दर्शन होंगे, वहीं जैन श्वेताम्बर सोश्यल ग्रुप निम्बाहेड़ा द्वारा श्री राजेन्द्र सूरी ज्ञान मंदिर में सायं 7.30 बजे से एक शाम प्रभु महावीर के नाम कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

दुर्गाअष्टमी को माता के दरबार मे हवन व महा आरती के साथ होंगे कई आयोजन



24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेडा । उपखण्ड के प्रसिद्व तीर्थ अंम्बामाता मन्दिर पर दुर्गा अष्टमी शनिवार को मनायी जायेगी आयोजन समिती के अध्यक्ष चेन सिंह चोहान ने बताया कि अंम्बामाता मन्दिर पर दुर्गा अष्टमी शनिवार को मनायी जाऐगी जिसमें विभिन्न आयोजन के साथ दोपहर 1 बजे पंडित राजेश जोशी द्वारा हवन करवया जावेगा और पूर्णाहुति सायं काल साढे छः बजे होगी साय काल महाआरती उपरांत प्रसाद वितरण किया जायेगा, उन्होने बताया रात्रि को 9.30 बजे से मां के दरबार में पुरी रातभर रात्रि जागरण का कार्यक्रम होगा, आयोजन को लेकर समिति के सदस्य अखिलेश राव,शिवाजी राव,गोविंद कुमावत,केलाश भारद्वाज, हिम्मतसिंह पवार,नन्द लाल चोरड़िया, मदनलाल कुमावत, राजेन्द्र लढा, मुकेश संघवी सहित समस्त सदस्य गण व्यवस्थाओं मे जुटे हुऐ है।

तेजस्विनी क्लब ने किया 58 बच्चियों का पूजन



24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेड़ा। नगर की पहली महिला संस्था जो सदैव बच्चियों और महिलाओं जरूरतमंदों की सेवा के लिए तत्पर रहती है अपने त्यौहार भी जरूरतमंदों के साथ मनाती आई हे जिस से उन्हें भी कुछ खुशियां बाट सके और 13 सालों से नवरात्रि में भदेसर आधार शिला आश्रम की बच्चियों का कन्या पूजन कर उनको उपहार इत्यादि देकर खुशियां मनाती आई हे। अध्यक्षा कमला रायपुरिया ने बताया कि क्लब फाउंडर वर्षा कृपलानी के नेतृत्व में हम 13 साल से भदेसर में 55 बच्चियों वाले आश्रम जाकर माता स्वरूपा कन्याओं का पूजन करके और भोजन कराते है। उपाध्यक्ष मधु नरेडी ने बताया कि इस बार भी कन्या पूजन तिलक कर भोजन के साथ बच्चियों को फल, मिठाइयां,चॉकलेट,बिस्किट ,कपड़े, 60 चप्पल,रुमाल, कपड़े,बर्तन,स्टेशनरी का सामान, राशन सामग्री इत्यादि भी दी । सचिव तृप्ति कुमावत ने बताया कि इतने सारे उपहार पाकर बच्चियों के चेहरे खुशी से महक गए क्योंकि इतने वर्षों से वह जा रहे तो वे बच्चियां भी हमारा इंतजार करती है मिलने पर बहुत खुश होती हे ।कोषाध्यक्ष दीपिका शारदा ने कहा हम सबको उनकी खुशी देख कर बहुत अच्छा लगता ओर लगता है कि यही सच्चा कन्या पूजन हे जरूरतमंद बच्चियों को हम कुछ मदद कर सके इस बार क्लब के साथ समाजसेवी भजन जिज्ञासु भी साथ चले वे हमेशा कहते इतनी बच्चियों का हमेशा पूजन करने जाते कहा मै भी कभी देखूंगा ,वहां चलकर उन्हें भी आश्चर्य हुआ कि इन आदिवासी बच्चियों में टेलेंट कितना हे ओर जरूरतमंद भी हे ओर आप लोग असली कन्या पूजन करते हे इन बच्चियों के साथ , बच्चियों ने भी हमारा स्वागत किया हम सभी का ओर स्वागत गीत और नृत्य हमारे लिए तैयार किए जिन्हें देख हमें प्रसन्नता हुई।आश्रम प्रधान सुमन चौधरी ने क्लब फाउंडर वर्षा कृपलानी और सभी सदस्यों का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर संस्था फाउंडर वर्षा कृपलानी, अध्यक्षा कमला रायपुरिया, समाजसेवी भजन जिज्ञासु उपाध्यक्ष मधु नरेडी,सचिव तृप्ति कुमावत, कोषाध्यक्ष दीपिका शारदा,पूजा जीवनानी,बीना शर्मा,शालिनी गोयल,कविता केवलानी, प्रेम बाल्दी, पारुल शारदा,पलक दासानी,अनीता सुल्तानिया, इत्यादि उपस्थित हो पूजन किया। भरे हुए को न भरे जरूरतमंद को मदद कर देखिए कितना सुकून मिलता।

53 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ 6 गिरफ्तार:आरोपियों की कार-बाइक और स्कूटी जब्त; NDPS एक्ट के तहत कार्रवाई



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा जिले की भीमगंज थाना पुलिस ने NDPS एक्ट में कार्रवाई की है। पुलिस ने 6 युवकों को 53 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ पकड़ा है।

भीमगंज थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया- पुलिस ने तिलकनगर पॉलिटेक्निक कॉलेज रोड पर दबिश देकर आरोपियों को पकड़ा। तलाशी ली तो युवकों के पास 53 ग्राम एमडी ड्रग्स मिला। सभी आरोपी प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़ व भीलवाड़ा के रहने वाले हैं। इनके पास से स्विफ्ट कार, बाइक और स्कूटी भी मिली जिन्हें जब्त कर लिया गया।

सभी के खिलाफ भीमगंज थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। टीम का नेतृत्व प्रोबेशनर आरपीएस शिवा शर्मा, जिला डीएसटी व एजीटीएफ टीम ने किया।

इनको किया गिरफ्तार- पुलिस ने इमरान खान पुत्र जाकिर मेव निवासी प्रतापगढ़, इकबाल खान पुत्र शेर आलम खान पठान निवासी प्रतापगढ़, मोहम्मद रफीक पुत्र मुंशी खां मंसूरी निवासी कच्ची बस्ती पुर, नदीम मोहम्मद पुत्र मुबारिक हुसैन देशवाली निवासी संतोष कॉलोनी, शाहरुख खान पुत्र मुबारिक हुसैन पठान निवासी हुसैन कॉलोनी व अल्ताफ हुसैन पुत्र मोहम्मद सलीम शाह निवासी भवानीनगर को गिरफ्तार किया है। बता दें कि जिले में एसपी धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही हैं। इसी के तहत इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ का रेलमंगरा दौरा, विकास कार्यों का लोकार्पण एवं जनसंवाद



24 न्यूज अपडेट

नाथद्वारा विधायक श्री विश्वराज सिंह मेवाड़ ने आज राजसमंद जिले के रेलमंगरा क्षेत्र का दौरा किया। इस अवसर पर उनके साथ जिला अध्यक्ष श्री जगदीश पालीवाल एवं जिला प्रमुख श्रीमती रत्नी देवी जाट भी उपस्थित रहे। दौरे के दौरान विधायक ने क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया। ओड़ा गाँव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, रेलमंगरा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा धीली में उप-स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ करते हुए उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता को सुनिश्चित करने की दिशा में इसे एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

रेलमंगरा के स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने नवीन प्राथमिक विद्यालय भवन का उद्घाटन किया तथा विद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सहभागिता कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इसके बाद रेलमंगरा ब्लॉक स्तर के कार्यकर्ता स्नेह मिलन में भाग लेकर उन्होंने कार्यकर्ताओं से संवाद किया और संगठन को मजबूत बनाए रखने के लिए सबको एकजुट होकर कार्य करने का संदेश दिया। अपने दौरे के दौरान विधायक द्वारा जनसुनवाई का आयोजन भी किया गया, जिसमें क्षेत्रवासियों ने जल, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि से जुड़ी समस्याएं सामने रखीं। उन्होंने लोगों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। विधायक श्री मेवाड़ ने कहा कि "हर काम को एक-एक करके, व्यवस्थित ढंग से पूरा किया जाए। अधूरे और बेतरतीब कार्य न केवल विकास में बाधा डालते हैं, बल्कि जनता का विश्वास भी डगमगाता है। हमारी प्राथमिकता है—समयबद्ध, योजनाबद्ध और स्थायी समाधान।"

24 न्यूज अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।